## न्यूज डायरी



### चीन के दो और शहरों में लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। चीन में घातक कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर पूर्वी प्रांत झेजियांग के दो शहरों में लोगों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है। शहर के अधिकारियों ने बताया कि ताइझू शहर और हांगझोऊ के तीन जिलों में हर घर से केवल एक व्यक्ति ही दो दिन में एक बार जरूरी सामान की खरीद के लिए बाहर जा सकता है। चीन की ऑनलाइन कम्पनी 'अलीबाबा' का मुख्य कार्यालय भी यहां स्थित है। यहां करीब 90 लाख लोग रहते हैं। हुबेई प्रांत में इस वायरस से सबसे अधिक लोगों की जान गई है और ताइझू उससे करीब 850 किलोमीटर दूर स्थित है। शहर में मंगलवार से ट्रेन सेवाएं भी निलंबित कर दी गईं। बयान में कहा कि इसके अलावा, सभी आवासीय समुदायों को केवल एक प्रवेश द्वार खुला रखना होगा और स्थानीय लोगों को आवाजाही के समय अपनी आईडी (पहचान पत्र) साथ रखनी होगी। वहीं हांगझोऊ के जिलों में अनिवार्य रूप से मास्क पहनने, आईडी साथ रखने और तापमान (बुखार) की जांच करते रहने जैसे अतिरिक्त उपाय भी सुझाए गए हैं।

### सुग्रीव के नाम पर इंडोनेशिया में हिंदू यूनिवर्सिटी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जकार्ता। इंडोनेशिया में सुग्रीव के नाम पर पहली हिंदू यूनिवर्सिटी खोली गई है। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको श्जोकोवीश विडोडो ने एक प्रेजिडेंशियल रेगुलेशन के तहत बाली के देनपासर में स्थित हिंदू धर्म स्टेट इंस्टीट्यूट को देश की पहली हिंदू स्टेट यूनिवर्सिटी बना दिया है। इस रेगुलेशन के मुताबिक, नई यूनिवर्सिटी का नाम आई गुस्ती बागस सुग्रीव स्टेट हिंदू यूनिवर्सिटी रखा गया है। इस यूनिवर्सिटी में एडमिनिस्टर हिंदू हायर ऐजुकेशन प्रोग्राम के साथ–साथ शहिंदू हायर ऐजुकेशन प्रोग्राम को सपोर्ट करने वालेश दूसरे हायर ऐजुकेशन प्रोग्राम भी होंगे। पिछले हफ्ते ही लागू किए गए इस नियम के मुताबिक सभी मौजूदा श्ख्ख विद्यार्थियों को सुग्रीव स्टेट हिंदू यूनिवर्सिटी में कनवर्ट कर दिया गया है। इस इंस्टीट्यूट के सभी प्रॉपर्टी और कर्मचारियों को भी नई बनाई गई यूनिवर्सिटी में ट्रांसफर कर दिया गया है।

### पर्यावरण के लिए सड़क पर उतरी स्वीडन की किशोरी ग्रेटा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोपेनहेगन। स्वीडन की पर्यावरण ऐक्टिविस्ट ग्रेटा थनबर्ग को लगातार दूसरे साल नोबेल पीस प्राइज के लिए नामित किया गया है। नोबेल पुरस्कार से सम्मानित करने की मांग करते हुए स्वीडन की लेफ्ट पार्टी के जेन्स होम और हाकन स्वेनेलिंग ने सोमवार को कहा कि ग्रेटा ने जलवायु संकट पर वर्ल्ड लीडर्स का ध्यान खींचने के लिए कड़ी मेहनत की है। उन्होंने कहा कि कार्बन उत्सर्जन में कटौती और पैरिस समझौते के अनुपालन के लिए काम करना भी शांति के लिए काम करना है। बता दें कि स्वीडन की 17 साल की ऐक्टिविस्ट पर दुनियाभर की नजर उस वक्त गई थी स्वीडन में क्लाइमेंट चेंज के मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई करने की मांग को लेकर जब उन्होंने बच्चों से स्कूल छोड़कर प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की थी। 2019 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्यक्रम में विश्व शक्तियों के सामने क्लाइमेंट चेंज के मुद्दे पर उनका जोरदार भाषण भी काफी चर्चा में रहा था, जब उन्होंने बिना डरे तमाम नेताओं पर आरोप लगाए थे कि उनके कारण हमारा भविष्य खराब हो रहा है।

### ट्रंप ने आयोवा कॉकस जीता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। रिपब्लिकन पार्टी के सदस्यों ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम का मजबूती से समर्थन किया और इसी के साथ ट्रंप ने सोमवार को आयोवा कॉकस में जीत हासिल की। स्थानीय डेस मोइनेस रजिस्टर के अनुसार इस वर्ष आयोवा कॉकस में डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति पद के लिए 12 से अधिक उम्मीदवारों के बीच मुकाबला था। वहीं ट्रंप को सोमवार रात पार्टी के 95 फीसद मत हासिल हुए। डेस मोइनेस रजिस्टर में कहा गया,''राष्ट्रपति ट्रंप ने फिर से आयोवा में रिपब्लिकन समर्थन हासिल कर लिया है।'' ट्रंप ने इसे पहले दिन में कहा था,''आयोवा में रिपब्लिकंस बाहर निकलें और कॉकस में शामिल हों।

# भारत के झटके से परेशान मलयेशिया की तरफ पाक ने बढ़ाया हाथ

**फैसला**

## पाकिस्तान ने मलयेशिया से ज्यादा पाम ऑयल खरीदने का लिया फैसला

- भारत के व्यापारियों ने पाम ऑइल खरीदना किया बंद
- मलयेशिया को अनुच्छेद 370 हटाए जाने और सीएए लागू किए जाने पर आपत्ति



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

क्वालालंपुर। मलयेशिया और भारत के बीच ट्रेड वॉर के हालात बनते देख पाकिस्तान की बांछें खिल गई है। दिलचस्प बात यह है कि खुद गंभीर आर्थिक संकट झेल रहा पाकिस्तान मलयेशिया की मदद करने की बातें कर रहा है। बेल आउट पैकेज के लिए दुनिया भर के सामने हाथ फैला रहे पाकिस्तान ने मलयेशिया से पॉम ऑइल खरीदने का फैसला लिया है।

मलयेशिया दौरे पर गए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने वहां की सरकार को भरोसा दिया है कि वह भारत के फैसले से हो रहे नुकसान की भरपाई करेंगे। दरअसल, भारत ने मलयेशिया से पाम ऑइल खरीदने से मना कर दिया है, जिसके चलते वहां की सरकार काफी परेशान है। इसी मौके का फायदा उठाते हुए आर्थिक तंगी झेल रहे पाकिस्तान ने मलयेशिया से सस्ता पाम ऑइल खरीदने का फैसला कर लिया है। पीएम इमरान खान ने मलयेशिया के प्रधानमंत्री महातिर मुहम्मद से वादा किया है कि वह भारत के ना से होने वाले नुकसान की भरपाई करेंगे। इसके लिए वे इस बार ज्यादा पाम ऑइल खरीदेंगे।

**पाक पीएम ने ज्यादा पाम ऑइल खरीदने का दिया आश्वासन**

मालूम हो कि जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने और नागरिकता संशोधन कानून के लागू होने पर मलयेशिया ने विपरीत बयान जारी किया है, जिसके बाद से भारत के साथ उसके रिश्ते तल्ख हो गए हैं। भारत सरकार ने अपने व्यापारियों को मलयेशिया से पाम ऑइल नहीं खरीदने को कहा है, हालांकि इसके लिए औपचारिक बयान नहीं जारी किया गया है।

वहीं पीएम इमरान खान ने कहा, जिस तरह से जम्मू कश्मीर में हुए अत्याचार पर मलयेशिया हमारे साथ खड़ा रहा इसके लिए हम उनका धन्यवाद देना चाहते हैं।

**भारत के बराबर पाम ऑइल कैसे खरीदेगा पाकः** मालूम हो कि मलयेशिया दुनिया में पाम ऑइल का दूसरा बड़ा उत्पादक देश है। 2019 में पाकिस्तान ने मलयेशिया से 1.1 मिलियन टन पाम ऑइल खरीदा थी, जबकि भारत ने 4.4 मिलियन टन आयात किया था। ऐसे में भारत जैसे बड़े बाजार का पाम ऑइल खरीदने से मना करना मलयेशिया के बाजार के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है।

## हॉन्ग कॉन्ग में कोरॉना वायरस से पीड़ित एक व्यक्ति की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हॉन्ग कॉन्ग। चीन से फैले घातक कोरॉना वायरस से पीड़ित 39 वर्षीय एक व्यक्ति की हॉन्ग कॉन्ग में मौत हो गई। यहां इस वायरस से संक्रमित किसी व्यक्ति की मौत का यह पहला मामला है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की। चीन के बाहर इस वायरस से किसी की जान जाने का यह दूसरा मामला है। इससे पहले फिलिपीन में एक व्यक्ति की मौत इसके कारण हुई थी।

अस्पताल के एक प्रवक्ता ने बताया कि मृतक हॉन्ग कॉन्ग का रहने वाला था, जो 23 जनवरी को हाई स्पीड रेल लिंक के जरिये चीन के वुहान शहर से लौटा था। इस संक्रमण से सर्वाधिक लोगों की मौत हुबेई प्रांत में हुई है। हुबेई प्रांत की राजधानी वुहान में दिसम्बर में कोरॉना वायरस का संक्रमण फैलना शुरू हुआ था और अब संक्रमण 20 से अधिक देशों में फैल चुका है। इस घातक कोरॉना वायरस के कारण मरने वालों की संख्या 425 हो गई और इसके 20,438 मामलों की पुष्टि हुई है।

हॉन्ग कॉन्ग के स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मौत के संबंध में विस्तृत जानकारी मंगलवार दोपहर तक जारी की जाएगी। कई मीडिया संस्थानों ने चिकित्सीय सूत्रों के हवाले से कहा कि व्यक्ति को स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याएं थीं, जिससे उसके इलाज में दिक्कत आई।



### कोरॉना वायरसः डर ऐसा कि क्रूज पर 3,700 यात्री कैद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** योकोहामा। जापान ने कोरॉना वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए मंगलवार को एक क्रूज में सवार सभी 3,711 यात्रियों को अलग रखने का प्रबंध किया है। सरकारी प्रवक्ता योशीहीदी सुगा ने बताया कि योकाहामा बे पर सोमवार को पहुंचे इस क्रूज में आठ लोगों को बुखार जैसे लक्षण थे। टेलीविजन पर प्रसारित तस्वीरों में कई उपचार अधिकारी सोमवार शाम योकोहामा तट पर डायमंड प्रिंसेज क्रूज पर सभी 2,666 यात्रियों और चालक दल के 1,045 सदस्यों की जांच के लिए जाते दिखाई दिए। दरअसल जापान ने यह कदम 80 वर्षीय एक व्यक्ति के वायरस से पीड़ित पाए जाने के बाद उठाया है। वह 25 जनवरी को हांगकांग पहुंचा था।

# पिता के अलग वार्ड में होने के दौरान दिव्यांग किशोर की मौत

■सोशल मीडिया पर लोगों से अपील की थी कि वे उसके घर जाएं और बच्चे का खयाल रखें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। चीन में कोरोना वायरस के कहर के बीच एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है, जहां बुखार से पीड़ित पिता को कोरोना वायरस संक्रमण की आशंका के कारण पृथक वार्ड में भेजे जाने के बाद उसके दिव्यांग बेटे की मौत हो गई। सेरेब्रल पल्सी के कारण यान चेंग वीलचेयर का मोहताज हो गया था और अपने हर काम के लिए दूसरों पर निर्भर था। वह बोल नहीं सकता था, चल नहीं सकता था और खुद खा भी नहीं पाता था।

चेंग के पिता यान शिआवेन को 22 जनवरी को बुखार आने के बाद और संभावित कोरॉना वायरस संक्रमण की आशंका के चलते अलग वार्ड में भेज दिया गया था। चेंग की मां की मौत कई साल पहले ही हो गई थी। जब उसके पिता को अलग वार्ड में भेज दिया गया तो उसके दैनिक कार्य करने और उसे खिलाने–पिलाने के लिए कोई भी घर पर नहीं था। शिआवेन ने सोशल मीडिया पर लोगों से अपील की थी कि वे उसके घर जाएं और बच्चे का खयाल रखें, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

होंगान काउंटी सरकार के एक बयान के अनुसार किशोर की मौत 29 जनवरी को हो गई थी। काउंटी सरकार ने कहा, श्यान शिओवन अलग वार्ड में होने के कारण अपने बेटे यान चेंग की देखभाल नहीं कर पा रहे थे, इसलिए उन्होंने अपने रिश्तेदारों, गांव के लोगों और चिकित्सकों से यान चेंग का ध्यान रखने की अपील की थी।

अधिकारियों ने बताया कि कम्यूनिस्ट पार्टी के स्थानीय नेता और महापौर को श्जिम्मेदारी निभाने में विफल रहने के कारण बर्खास्तश कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि बच्चे की मौत का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। चीन में इस वायरस के कारण 425 लोगों की जान जा चुकी है और 20,438 मामलों की पुष्टि हुई है।

### हिंदू लड़की के धर्म परिवर्तन पर मुस्लिम संगठनों ने उठाई आवाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में हिंदू लड़कियों के जबरन धर्म परिवर्तन के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। अब 15 जनवरी को एक लड़की के धर्म परिवर्तन करने की घटना पर पाक के कई मुस्लिम संगठनों ने आवाज उठाई है और लड़की के समर्थन में आगे आए हैं। करीब हफ्तेभर पहले ही सिंध प्रांत में एक हिंदू दुल्हन को उसकी शादी से किडनैप कर धर्म परिवर्तन करा दिया गया था। इससे पहले भी इस तरह की घटना पाक में सामने आ चुकी हैं। 15 जनवरी को सिंध प्रांत में 15 साल की एक हिंदू लड़की का इस्लाम में जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया और फिर एक मुस्लिम से उसकी शादी करा दी गई। ऑल पाकिस्तान हिंदू पंचायत के जनरल सेक्रटरी रवि दवानी ने टाइम्स ऑफ इंडिया को फोन पर बताया कि लड़की को न्याय दिलाने की शुरुआत जेय सिंध महजाज नाम के संस्थान के चेयरमैन रियाज खान चांदियो के नेतृत्व में हुई। किसी ने सोशल मीडिया पर एक विडियो पोस्ट किया जिसमें सिंध के जैकबाबाद में लोक गायकों को सांप्रदायिक एकता के गीत गाते दिखाया गया।